# शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

# स्वयंसिद्धा

कुल छात्राएं 1085

## महाविद्यालय न्यूज लेटर

अंक – 03

दिसम्बर 2016

**संरक्षक**
डॉ. सुमन तनेजा
प्राचार्य

**संपादक**
डॉ गणेशलाल जैन
डॉ. जया शर्मा

**सह–संपादक**
डॉ. मो. सादिक, डॉ. प्रतिभा सोनी,
ब्रिजेश विश्वकर्मा


## प्राचार्य की कलम से



आदर्श स्थिति में सच्ची शिक्षा माता पिता की निगरानी में होती है। जैसे जैसे संतान घर और बाहय वातावरण से रूबरू होती है उसके व्यक्तित्व के अलग–अलग पहलू प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते हैं। उनमें नित्य नूतन परिवर्तन दृष्टिगत् होता है। इसका आभास परिस्थितिवश एवं प्रसंगवश होता है। तभी उनके व्यक्तित्व को साकार करने और आकार देने की आवश्यकता होती है। और यही पहल उन्हें जीवन में चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने की क्षमता प्रदान करती है।

डॉ.सुमन तनेजा
प्राचार्य

## *कन्या महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन*

दिनॉक 12.1.16 को शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर सूर्य नमस्कार का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य, समस्त स्टॉफ एंव छात्राओ द्वारा किया गया। सूर्य नमस्कार के पश्चात, भ्रामरी, प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, पद्मासन आदि अन्य योगों का भी आयोजन किया । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं को विवेकानन्द जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके उद्देश्यो एवं आदर्शो को जीवन में साकार करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. कलिका डोलस ने छात्राओं को सूर्य नमस्कार का प्रतिदिन अभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर कार्य करने का सदेंश दिया। क्रीडा अधिकारी श्री रवि विरहा ने छात्राओं को योग की उपयोगिता एवं महत्व बताया। यह आयोजन रासेयो प्रभारी डॉ.मंजरी अग्निहोत्री के मार्ग दर्शन में आयोजित हुआ।



## *मतदाता दिवस मनाया*

दिनॉक 25.1.16 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अन्तर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में प्रातः11 बजे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.सुमन तनेजा ने समस्त छात्राओ एंव अधिकारियो एवं कर्मचारियो को मतदान करने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को रखते हुए निर्भीक होकर धर्म,वर्ग,जाति,समुदाय,भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी।

शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवको ने मतदाता जागरूकता हेतु शासकीय चन्द्रशेखर आजाद स्नांतकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नाटक प्रस्तुत किया जिसको सभी के द्वारा सराहा गया। नाटक की प्रस्तुति नेहा परते,राशिका यादव,निधि टॉक, पुष्पामेवाडा, पपीता प्रजापति , प्रियका विश्वकर्मा,रूबीना कुजूर एवं मोनिका राठौर,द्वारा दी गयी।इसी के अन्तर्गत आयोजित जिला स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता में निधि टॉक को द्वितीय एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में राशिका यादव को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के स्वीप प्लान अधिकारी डॉ.जी. एल. जैन एवं रासेयो प्रभारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री सहित समस्त स्टाफ ने छात्राओ को बधाई दी।






# वार्षिक उत्सव की धूम

शासकीय कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव 2016 के अन्तर्गत दिनॉक 23/02/16 व 24/2016 में खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन के विधिवत घोषणा के साथ आयोजन की शुरूआत की गई। खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत दिनॉक 23/02/16 की निम्न प्रतियोगिता हुई जिसमे रस्सीकूद, गोला फेक रस्साकसी शामिल की गई। दिनॉक 24/02/16 को निम्न खेलकूद प्रतियोगिता हुई जिसमें 100 मी. दौड, चम्मच दौड, लम्बी कूद, स्लोसाइकिलिग, तीन टॉग दौड, कुर्सी दौड़ शामिल है जिसमें विजेताओ के नाम निम्नासनुसार है। क्रीडा अधिकारी रवि स्वरूप विरहा ने जानकारी दी दिनॉक 25/02/16 व 26/02/16 को साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें

विजेताओ के नाम:—

| | | |
|---|---|---|
| 100 मी. दौड़ | — | 01 कविता वर्मा, 02 रोमिका वर्मा 03 दिप्ती जोशी |
| स्लोसाइकिलिग | — | 01 शिवानी रजक 02 दिप्ती जोशी |
| चम्मच दौड | — | 01 शिवानी रजक |
| तीन टॉग दौड | — | 01 शकुन्तला मीणा, अनिता अहिरवार, 02 मंजु महेश्वरी, रिया यति , 03 शिवानी प्रजापति , विद्या मीणा |
| गोला फेक | — | 01 शकुन्तला मीणा, 02 कविता वर्मा 03 कल्पना त्यागी |
| लम्बी कूद | — | 01 शकुन्तला मीणा 02 पूजा महोबिया 03 कविता वर्मा |
| रस्सीकूद | — | 01 आशा मैथिल, 02 रिन्की परमार 03 दामिनी रावत |
| कुर्सी दौड़ | — | 01 टीना करोसिया 02 रचना सिलोरिया 03 पद्वमिनी परमार |
| रस्साकसी | — | 01 बी. ए चतुर्थ सेमेस्टर द्वितीय बी.एस.सी द्वितीय |



## ***शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के वार्षिकोत्सव में पूर्व छात्राओं की शानदार प्रस्तुति***

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में आयोजित किये जा रहे वार्षिकोत्सब में दिनॉक 26.02. 2016 को संस्था की पूर्व छात्रा संघ की छात्राओं को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया। इस अवसर पर पूर्व छात्राओं ने भाषण, नृत्य एवं गायन में अपनी सफल प्रस्तुति देकर अभूतपूर्व सहभागीता की। अध्यक्ष कु. रेणु धाडी ने वार्षिकोत्सव में उपस्थित सभी छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताते हुये उच्च शिक्षा लेने हेतु प्रेरित किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। कु. भारती भैरवे, सानिया एवं शिवानी चौहान ने नृत्य प्रस्तुति दी। मेघा परमार ने मॉ शीर्षक पर गीत सुनाया। जिसे वर्तमान छात्राओं ने खूब सराहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीमति सुमन तनेजा ने पूर्व छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किये। पूर्व छात्रा संघ की सदस्य डॉ. श्रीमति कलिका डोलस ने कार्यक्रम का संचालन किया। पूर्व छात्रा संघ प्रभारी श्रीमति अमोल मांजेकर ने कार्यक्रम का औचित्य बताते हुये स्थापना से लेकर अब तक की गतिविधियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।





## *कन्या महाविद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न*

दिनांक 01.03.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने छात्राओं को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें ऑखों की उचित देखभाल के बारे मे बताया। ऑखों की उचित सफाई, समय से ऑखों की जॉच, समुचित पोषण उचित आहार पर ध्यान देने से नेत्र संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके साथ ही उनके सहयोगी श्री प्रभात जैन ने महाविद्यालय की छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया जिसमें पद्मिनी परमार, किरण सुर्यवंशी, कविता मेवाड़ा, पूजा वारिया, रचना मेवाडा, दीक्षा उपाध्याय, डाली खत्री, ज्योति अहिरवार आदि छात्राओं की नेत्र संबंधी समस्या का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास प्रभारी डॉ. जी.एल.जैन एवं आभार व्यक्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री द्वारा किया गया।




## *एक दिवसीय शिविर आयोजित कर स्वच्छता का दिया संदेश*

दिनॉक 02.03.16 को ग्राम पंचायत हसनावाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की मुख्य थीम संम्पूर्ण ग्राम पंचायत को खुले से शौच मुक्त बनाना एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर का शुभारंभ गॉव में रैली निकालकर किया गया। रैली के माध्यम से छात्राओं ने घर–घर जाकर ग्रामवासियों को खुले में शौच न जाना, घर में ही शौचालय बनवाना, गॉव को साफ रखना, आदि स्वस्थ रहने के मूल मंत्र के प्रति जागरूक किया। इसके बाद छात्राओं ने गॉव का सर्वे कर घरों में बने शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया। छात्राओं ने दीवारो पर भी नारें लगाकर एवं ग्राम वासियों को पेम्पलेट्स बाटकर जागरूकता अभियान चलाया। पूर्व रासेयो कप्तान एवं स्वंय सेवक मेघा परमार, तथा राशिका यादव, शिवानी प्रजापति, पपीता प्रजापति, निधि टॉक और प्रियंका विश्वकर्मा द्वारा स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया एवं गीतों के माध्यम से सफाई की महत्ता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमति कृष्णा बाई , सचिव सब्बीर अहमद एवं ग्रामवासियों का पूर्ण सहयोग रहा। संपूर्ण शिविर रासेयो कार्यकम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, श्री राजेश बकोरिया एवं श्री कमल महेश्वरी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सम्पन्न हुआ।






## छात्राओं को स्वच्छता का दिया संदेश

दिनांक 09.03.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में रासेयो के अन्तर्गत समर्थन संस्था द्वारा स्वच्छता एवं खुले में शौच न जाने जैसे विषय पर एक व्याख्यान माला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। समर्थन संस्था के प्रोग्राम मैनेजर श्री देवाशीष विश्वास द्वारा भारत देश में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान तथा गांवों को खुले शौच से मुक्त बनाने हेतु अभियान को विस्तृत रूप से बताया गया। आंकड़ों एवं वीडियों के माध्यम से बताया की भारत की वो जन संख्या जो खुले में शौच जाती है वो सम्पूर्ण बीमारी का कारण बनती है। साथ ही महिला को खुले में शौच जाने से होने वाली परेशानियों को बताया। महिलायें यदि मन में ठान लें, इसकी पहल करें तो स्वच्छता को नई दिशा, नया अंजाम मिल सकता है। महाविद्यालय की प्रध्यापक डॉ0 दिवा मिश्र ने स्वच्छता पर जोर देते हुए न गंदगी करेंगे न होने देंगे के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। खुले में शौच जाने से होने वाले दुष्प्रभावों को बताया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को गांव में तथा अपने आस–पास के क्षेत्र में लोगों को खुले में शौच न जाने के लिए अभियान चलाने की सलाह दी। कार्यकम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रासेयो अधिकारी डॉ0 मंजरी अग्निहोत्री ने किया। इस कार्यक्रम में समर्थन संस्था के शैलेन्द्र सिंह तोमर, धरम सिंह पवांर, नीता

## कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 30.03.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में "जलवायु परिवर्तन एवं सम्पोषित विकास" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य "जलवायु परिवर्तन एवं उससे संबंधित प्रभावों" पर जागरूकता का प्रचार–प्रसार करना है। इस कार्यशाला जिला पंचायत सभागृह, नवीन कलेक्टर कार्यालय सीहोर में आयोजित की गई है उद्घाटन समारोह प्रातः 11 बजे से किया जाएगां जिसके मुख्य अतिथि श्री सुदेश राय (विधायक सीहोर) अध्यक्ष श्री नरोत्तम भार्गव (एस0डी0एम0 सीहोर) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी (संचालक) म0प्र0 हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल होंगे तथा समापन डॉ0 सुदाम खाड़े (जिलाधीश सीहोर) एवं डॉ0व्ही0के शुक्ला प्राचार्य चंद्रशेखर आजाद अग्रणीं महाविद्यालय सीहोर द्वारा किया गया।

## रेड रिबन क्लब का पुरस्कार वितरण सम्पन्न

दिनॉक 31.03.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत आयोजित सत्र 2015–16 की समस्त गतिविधियो के पुरस्कार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा एवं प्रोफेसर डॉ. दिवा मिश्र द्वारा वितरित किये गए। अन्तराष्ट्रीय युवा दिवस पर नशा मुक्ति विषय पर ,एडस दिवस पर एडस से बचाव एवं सुरक्षा विषय पर,युवा दिवस पर राष्ट्र के निर्माण मे युवाओ की भूमिका विषय पर आयोजित निबन्ध ,मॉडल,पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिताओ के परिणाम स्वरूप छात्राओ को प्रथम ,द्वितीय,तृतीय एवं सहभागिता के उत्साहवर्धन हेतु सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।इन सभी प्रतियोगिताओ के पोस्टरो एवं स्लोगन भी प्रदर्शित किए गए।इस अवसर पर डॉ. दिवा मिश्र ने छात्राओ को नशा एवं एड्स से होने वाले खतरो को बताया तथा छात्रांओ को अपने विचारो को केवल कागज तक ही सीमित न कर उनका प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओ को युवा शक्ति होने के नाते एकजुट होकर समाज मे व्याप्त बुराइओ से लडने के लिए एवं नशा मुक्ति, एड्स जैसी बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम रासेयो अधिकारी एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. मजरी अग्निहोत्री के मार्ग दर्शन मे संपन्न हुआ।



## कालेज चलो अभियान बैठक

दिनॉक 13.05.16 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में हायर सेकेन्डरी स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय में संचालित सभी पाठ्यक्रमों, स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों, कन्या छात्रावास, समस्त हितग्राही योजनाएं, क्रीडा विभाग की सभी गतिविधियों, एनएसएस गतिविधियों एवं पुस्तकालयीन सुविधाओं की जानकारी दी। प्राचार्यो को सुविधाओं से संबंधित पेम्पलेट्स का वितरण किया। प्राचार्यों से अनुरोध किया गया कि कक्षा 12वी में अध्यनरत एवं सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के टी.सी. एवं चरित्र प्रमाण पत्र परीक्षा परीणाम घोषित होने के साथ ही प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब जारी करें। विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन के अन्तर्गत छात्राओं को कराये जाने वाले निशुल्क प्रशिक्षण से भी प्राचार्यों को अवगत कराया। प्रवेश संबंधी जानकारी के लिये एक कॉउसिलिंग सेल के गठन का सुझाव दिया गया एवं मई के अंतिम सप्ताह में कॉलेज चलो अभियान मेला आयोजित करने का निर्णय लिया।

## महाविद्यालय में मनाया गया धूम्रपान निषेध दिवस

दिनांक 31/05/16 को शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय तम्बाकू एवं धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय में निबन्ध एवं स्लोगन प्रतियोगिता के साथ–साथ एक संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पूर्व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश बकोरिया ने छात्राओ को नशे से होने वाले पारिवारिक तथा अर्थिक नुकसान एवं शारीरिक बीमारियों के बारे में बताया। डॉ. जया शर्मा ने नशे की आदत पडने के पीछे होने वाले कारणो को जानने का प्रयास करते हुए नशे की आदत को छुडवाने के लिए छात्राओ को प्रेरित किया। छात्राओ ने शपथ ग्रहण करते हुआ कहा कि वे न केवल घर में बल्कि समाज में व्याप्त इस बीमारी को दूर करने का प्रयास करेगी। इस अवसर पर कु. ज्योति मालवीय, कु. सरिता मरपाचे ,कु. रचना सिरौलिया एवं सरिता भदौरिया ने अपने विचारो को व्यक्त किया। सरिता मरपाचे एवं रचना सिरौलिया ने अपने व परिवार के प्रयासो से अपने पिता की नशे की आदत छुडवाने की सफलता को सभी छात्राओ को सुनाया। इसी अवसर पर छात्राओं ने नशा मुक्ति विषय पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने किया





## महाविद्यालय में योग दिवस का आयोजन

दिनांक 21.06.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के आरम्भ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने योग का दैनिक जीवन में महत्व बताते हुए इसे स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ तथा शांत मन के लिए महत्वपूर्ण एवं उपयोगी बताया। इसके पश्चात महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राओं ने (भ्रामरी, पद्मासन, ब्रजासन, मडूकासन, अर्द्धमत्स्यासन, हलासन, ताडासन, सूर्यनमस्कार, अनुलोम विलोम,प्राणायाम)आदि का अभ्यास किया। कार्यक्रम का समापन मध्यप्रदेश गान के साथ किया गया। इसके अतिरिक्त कुछ छात्राओं ने सीहोर जिले के परेड ग्राउन्ड में जाकर सामूहिक योग में भी सहभगिता की। सम्पूर्ण कार्यक्रम रासेयो प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं कीडा अधिकारी श्री रवि विरहा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यकम में शैक्षणिक स्टाफ के डॉ. श्रीमती अमोल मांजरेकर, डॉ सुधा लाहोटी,, डॉ. राजेश बकोरिया, डॉ. जया शर्मा, डॉ. जी एल जैन, एवं ग्रथपाल डॉ. राकेश खरे, कार्यलयीन स्टाफ के डी के बैरागी, के एन. विश्वकर्मा, श्रीमती लक्ष्मी दासवानी, साक्षी ताम्रकार, चतुर्थ श्रेणी के श्री कैलाश उपाध्याय, विजेन्द्र कुमार, बाबूलाल सेन, सरिता सिमोलिया, मोहन,घनश्याम एवं छात्राओ में योगासन अभ्यास में प्रियका विश्वकर्मा ,राशिका यादव, निधि टॉक, पद्मिनी परमार, माघवी मालवीय ,योजना चौरसिया ,उर्वशी विनोदा, दिव्या हाडा आदि ने मुख्य भुमिका निभाते हुए वर्षा चौहान, दामिनी रावत, पपीता प्रजापति, हिमांशी, सोनली चौहान के साथ सहभगिता की।





## पंचामृत कार्यशाला सम्पन्न

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ट उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अगस्त माह में पंचामृत कार्यशाला 05.08.2016 से प्रारम्भ किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रीमति सुमन तनेजा के मार्गदर्शन में प्रथम दिवस पर पचामृत संकल्प जिसमें डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा जल, वायु, अग्नि, आकाश, समीर और पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया। द्वितीय सत्र पर प्राध्यापक डॉ. दिवा मिश्रा द्वारा युवा जीवन में योग से ध्यान और संयम के महत्व को बताया। डॉ. जया शर्मा ने प्रथम दिवस के तृतीय सत्र में स्वअनुशासन एवं विद्यार्थी जीवन में अनुशासन से जीवन शैली सुधारने के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में दूसरे दिवस पर नशा मुक्ति एवं विकार विषय पर श्री रमाकान्त रिछारिया द्वारा परिवार एवं समाज को दूर रहने के लिये जागरूक रहने के लिये युवाओं की अहम भूमिका पर महत्व दिया। द्वितीय सत्र महाविद्यालय प्रांगण को स्वच्छ कर वृक्षारोपण किया गया। तृतीय दिवस एवं पंचम सत्र में प्रभात फेरी कर स्वच्छता एवं साक्षरता के लिये आह्वान किया। अंत में छात्राओं द्वारा युवा विद्यार्थियों से फीडबेक भरवाये गये। इस पंचामृत कार्यशाला में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार का सहयोग एवं उपस्थिती रही। समस्त कार्यशाला व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ट प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरें एवं डॉ. श्रीमति मंजरी अग्निहोत्री द्वारा सम्पन्न कराई गई।





## युवा उत्सव 2016 का सफलता पूर्वक समापन

शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में दिनांक 06 एवं 07 सितम्बर 2016 को आयोजित महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव के अन्तर्गत 22 विधाओं में से 13 विधाओं में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया।युवा उत्सव प्रभारी डॉ. कलिका डोलस ने बताया कि, ये सभी प्रतियोगिताएँ छात्राओं के व्यक्तिव को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। छात्राएँ पढ़ाई के साथ – साथ इन विधाओं द्वारा अपने विचारों, भावों को भी अभिव्यक्त करती हैं। छात्राओं ने जहां वाद–विवाद, भाषण द्वारा समसामयिक विषयों पर अपने सार्थक विचार व्यक्त किए, वहीं प्रश्न मंच के माध्यम से युवाओं के सामान्य ज्ञान की परीक्षा ली गई, जिसमें इतिहास,म.प्र.का भौगोलिक ज्ञान,राजनीति,खेल,सिनेमा आदि क्षेत्र समाहित थे। वाद–विवाद प्रतियोगिता में समा अकबर खान बी.ए. पंचम सेमेस्टर, वक्तृता प्रतियोगिता में समा अकबर खान बी.ए. पंचम सेमेस्टर, प्रश्न–मंच प्रतियोगिता में मीना एवं रिया यति बी.एससी. पंचम सेमेस्टर, एकल गायन (पाश्चात्य) प्रतियोगिता में समा अकबर खान बी.ए. पंचम सेमेस्टर, समूह गायन (पाश्चात्य) प्रतियोगिता में समा अकबर खान बी.ए. पंचम सेमेस्टर, प्रीति राठौर बी.ए. पंचम सेमेस्टर, योजना चौरसिया बी.सी.ए. पंचम सेमेस्टर, प्रिया बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर,श्रेया बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर, एकल गायन(भारतीय)प्रतियोगिता में प्रवीण चतुर्वेदी बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर,समूह गायन (भारतीय) प्रतियोगिता में योजना चौरसिया बी.कॉम. पंचम सेमेस्टर, रूचिका बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर, अश्विनी बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर, निकिता बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर, तनिष्का बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर, प्रीति राठौर बी.कॉम. पंचम सेमेस्टर, स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में पूजा महोबिया बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता में जया विश्वकर्मा बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर, कोलाज प्रतियोगिता में दीप्ती नवल बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में अश्विनी गोरखेड़े बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर, कार्टूनिंग प्रतियोगिता में अश्विनी गोरखेड़े बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर,रंगोली प्रतियोगिता में हिमांशी खत्री बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर, प्रिया नामदेव बी.कॉम.कम्प्यूटर प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।दिनांक 18,19,20 को होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उपरोक्त छात्राओं अपनी – अपनी विधाओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अत्यन्त सफल आयोजन में डॉ. प्रतिमा खरे सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा।

# समाजशास्त्र विषय पर राज्य स्तरीय प्रश्न बैंक कार्यशाला सम्पन्न

दिनांक 09.09.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में समाजशास्त्र विभाग के अन्तर्गत विश्व विद्यालय अनुदान आयोग क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा प्रायोजित स्नातक स्तरीय राज्य स्तरीय प्रश्न बैंक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. पुष्पा दुबे प्रभारी प्राचार्य चंद्रशेखर आजाद अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के मुख्य आतिथ्य, प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की अध्यक्षता मे , स्त्रोत वक्ता डॉ. माधवीलता दुबे, प्राध्यापक भेल कॉलेज भोपाल, डॉ. सुधा लाहोटी, प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर, कार्यक्रम संयोजक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजा, वंदना एवं अतिथियों के स्वागत से किया गया। स्वागत भाषण में प्रभारी प्राचार्य, डॉ. सुमन तनेजा ने अपने उद्बोधन में विभिन्न महाविद्यालय से आये विषय विशेषज्ञों का उनके इस कार्यशाला हेतु विशेष प्रयास के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि, प्रश्न बैंक बैंक डिपॉजिट की तरह है जिसमें जितना अधिक ज्ञान जमा करेंगे हमें ब्याज के साथ उतना ही अधिक ज्ञान प्राप्त होगा। डॉ. पुष्पा दुबे ने सारगर्भित उद्बोधन देते हुए कहा कि छात्र सामाजिक एवं जिज्ञासु व्यक्ति होने की वजह से अपने अंदर प्रश्न की संवेदना को जागृत कर सफलता एवं विश्वास की ओर अग्रसर कर सकता है। प्रश्न बैंक के सभी प्रश्न न केवल सेमेस्टर परीक्षा बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये भी उपयोगी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुधा लाहोटी ने सभी प्राध्यापकों का अभिनन्दन करते हुए समाजशास्त्र एवं प्रश्न बैंक के महत्व पर प्रकाश डाला व इस कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य बताया। स्त्रोत वक्ता के रूप में डॉ. माधवीलता दुबे ने प्रथम सत्र में प्रश्न बैंक की आवश्यकता, प्रश्न का निर्माण किस तरह करना चाहिए। प्रश्न को आज के वातावरण से किस प्रकार जोड़ा जाए इस पर जोर दिया कि आज के तकनीकी युग में विद्यार्थी किताबों से दूर होता जा रहा है। इससे ज्ञान का क्षेत्र सीमित हो रहा है। उन्होंने विषय की किताबों के अध्ययन पर विशेष बल देते हुए सुझाव दिया कि उत्तर लिखने संबंधी कार्यशाला भी आयोजित की जानी चाहिए। विषय विशेषज्ञ द्वारा तैयार किये प्रश्न बैंकों का तकनीकी उपयोग करके सभी विद्यार्थियों तक पहुचाया जाये। द्वितीय सत्र में डॉ. माधवीलता दुबे ने प्रश्नबैंक को मुख्य रूप से शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच बात करने की कड़ी बताया, विद्यार्थी विभिन्न तरीके के प्रश्नों के माध्यम से अपने मन की जिज्ञासा को शांत करते हैं। प्रश्न पत्रों में मुख्यतः पाठ्यक्रम से वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न बनते हैं, जिसके माध्यम से छात्र सहजता से पाठ्यक्रम से जुड़ते हैं। उन्होंने छात्राओं को तीनों तरह के प्रश्नों का सही उत्तर लिखने की जानकारी दी। छात्राओं को पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर स्वयं को समसामयिक एवं व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला आयोजन सचिव डॉ. जया शर्मा के सफल संचालन एवं कार्यशाला संयोजक के आभार प्रदर्शन के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में डॉ. दिवा मिश्रा, डॉ. अमोल मांजरेकर, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. कलिका डोलस, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, श्रीमती नीलम वासनिक, डॉ. राजेश बकोरिया, डॉ. राकेश खरे (ग्रंथपाल), क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि स्वरूप विरहा, महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं छात्राओं ने इस आयोजन को सफल बनाया।

## "कन्या महाविद्यालय में रासेयो का अभिमुखीकरण एवं प्री.आर.डी. चयन कार्यक्रम सम्पन्न"

दिनॉक 30.09.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय में रासेयो इकाई का अभिमुखीकरण कार्यक्रम डॉ. अनन्त कुमार सक्सेना कार्यक्रम समन्वयक रासेयो ब.उ.वि.वि. भोपाल के मुख्य अतिथ्य, श्री राहुल सिंह परिहार कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रशिक्षक रासेयो ब.उ.वि.वि. मुक्त इकाई भोपाल के विशिष्ठ अतिथ्य एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं विवेकानन्द के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। महाविद्यालय की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने सीहोर जिले के समस्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों एवं प्री. आर.डी चयन के लिये आये सभी स्वयंसेवकों का स्वागत किया श्री राहुल सिंह परिहार ने एन.एस.एस. को निंरतर गतिशीलता, उर्जावान महाविद्यालय से राजपथ तक ले जाने का मार्ग राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाला माध्यम बताया। अकादमिक अंकसूची के साथ रासेयो के प्रमाण पत्रो की महत्ता को बताया पूर्व जिला संगठक डॉ. सुधा लाहोटी ने रासेयो की गतिविधियों को दबाव में ना आकर मन एवं समर्पण के साथ काम करने के लिये छात्राओं को प्रेरित किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. दिवा मिश्र ने कहा की यदि स्वयंसेवक अपनी प्रतिभा को उददे्श्य के साथ सम्मिलित कर दें तो समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिये समाज के लिये एक नई कडी बनेंगे। डॉ. सक्सेना ने नव नियुक्त रासेयो जिला संगठक सीहोर डॉ. राजेश बकोरिया का स्वागत करते हुये रासेयो की गतिविधयाँ सीखने–सिखाने की कला का विकास एवं प्रतिभा में निखार का कार्य करती हैं। रासेयो का उदेदश्य "समाज के माध्यम से विद्यार्थी के व्यक्तित्व का विकास" समाज में जनजागरूकता लाकर, रेली, व्यक्तिगत संपर्क , नुक्कड नाटक आदि के माध्यम से सफल होता है, अध्यक्षीय उदबोधन में प्राचार्य ने युवाओ को राष्ट्र का कर्ण धार बताते हुये देश के चरित्र का निर्माता कहा जो वेग की तरह अपने सकारात्मक सोच से समाज व देश को सुदृढ दिशा मे ले जा सकते हैं कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा एवं संचालन स्वयंसेवक कु. प्रियंका विश्वकर्मा एवं प्रीति राठौर द्वारा किया गया। इसके पश्चात जिले के कार्यक्रम अधिकरियों की बैठक एवं जिला स्तरीय प्री. आर. डी चयन की प्रक्रिया स्वयंसेवक मोहित विश्वकर्मा एवं दीपेश कुमार अहिरवार, डॉ. राजेश बकोरियो श्री देवेन्द्र कुमार राय, डा. डी.के. रैदास के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

जिला स्तरीय प्री. आर. डी चयन में छात्रों में स्वयंसेवक पवन पंसारी,उमेश पंसारी,प्रभात शाक्य एवं छात्रा स्वयंसेवकों में शिवानी महेश्वरी, नितिशा त्यागी, निधि सोनी, कीर्ति विश्वकर्मा का चयन किया गया।

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :— (07562)224706 ई—मेल आई.डी :—heggcseh@mp.gov.in

वेब :—www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html


## कन्या महाविद्यालय बना चैम्पियन

शासकीय कन्या महाविद्यालय की आयोजन व्यवस्था में जिला स्तरीय जूड़ो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले से लगभग 25 खिलाड़ियों ने अलग—अलग भार वर्ग में भाग लिया। सभी खिलाड़ियों को भार वर्ग के आधार पर बाउट कराकर खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें 44 कि.ग्राम वर्ग में निकिता पाटीदार, 48 कि.ग्राम वर्ग में नीतू नागर, 53 कि.ग्राम वर्ग में मोनिका व्यास, 55 कि.ग्राग वर्ग में आरती, 60 कि.ग्राम. वर्ग में मेघा सोनी एवं 63 कि.ग्राम वर्ग में मयूरी वर्मा का चयन किया गया।

उपरोक्त सभी खिलाड़ियों ने अपने—अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरान्वित किया। यह सभी खिलाड़ी शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में अध्ययनरत हैं। संगठन सचिव रवि स्वरूप बिरहा ने जानकारी दी की यह खिलाड़ी आगामी 22.10.2016 को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने हेतु शासकीय हमीदिया महाविद्यालय भोपाल जायेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका में श्री संजीत राय पी0जी0कॉलेज सीहोर, श्री परवेश कुरेशी एस0वी0 कॉलेज सीहोर व सुरेन्द्र कुशवाह सीहोर में थे।

## *रेड रिबन क्लब की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन*

दिनॉक 17.11.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में रेड रिबन क्लब की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला संगठक रासेयो एवं रेड रिबन क्लब नोडल अधिकारी डॉ. राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई बैठक में रेड रिबन क्या है इसका उद्देश्य, कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन छात्र—छात्राओ का पंजीयन, पियर एजुकेटर का चयन एड्स व एच.आई.वी. की जानकारी, रेड रिबन का प्रचार प्रसार रक्तदान के प्रति जागरूकता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एम.पी.सेक. द्वारा प्रदत्त रेड रिबन सीडी का प्रदर्शन एवं वितरण भी किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न महाविद्यालय के रेड रिबिन के प्रभारी डॉ. एन.एम.कुरैशी, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री डॉ. अनुपसिंह, डॉ. आर.बी. मरकाम, श्रीमति प्रार्थना गुप्ता एवं कमलेश पुराविया उपस्थित रहे।

## *कैशलेस/डिजीटल बैंकिंग*

दिनांक 16.12.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में कैशलेस एवं डिजिटल भुगतान प्रशिक्षण का आयोजन किया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र की प्रशिक्षिका कुमारी दिव्या शुक्ला ने शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं पी.जी. महाविद्यालय के राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को मेरा मोबाइल, मेरा बटुआ, मेरा बैंक पर आधारित केशलेस लेन—देन की जानकारी दी। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) डॉ0 जया शर्मा ने बिना केश के भुगतान के विभिन्न तरीकों एवं उपायों को बताया व ऑनलाईन भुगतान के विभिन्न माध्यम जैसे पेटीएम, एस.बी.आई. वडी आदि के बारे मे छात्राओं को जानकारी दी। पी.जी. महाविद्यालय के रासेयो स्वयं सेवक मोहित विश्वकर्मा ने सभी छात्राओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने साथियों, गोद ग्राम, आस—पास के क्षेत्र में लोगों को केशलेस लेन—देन के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में छात्राओं को मोबाइल बैंकिंग एवं इंटरनेट बैंकिंग के बारे में भी जानकारी दी। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में परीक्षा समाप्ति के पश्चात् बैंक के अधिकारियों के साथ भी छात्राओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा जिससे वृहद स्तर पर कैशलेस भुगतान के बारे में लोगों को जागृत किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन रासेयो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ तथा डॉ. प्रतिमा खरे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कन्या महाविद्यालय की प्रियंका विश्वकर्मा, सरिता भदोरिया, ज्योति मालवीय, मीना वर्मा, प्रीति गौर, पी.जी. महाविद्यालय की कलावती जाटव, श्रद्धा तिवारी, नितिशा त्यागी आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## *जिला स्तरीय (महिला) कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न*

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की आयोजन व्यवस्था में महाविद्यालय के इंडोर हॉल में जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फाईनल मुकाबले में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर ने शासकीय महाविद्यालय आष्टा को एक तरफा मुकाबले में हराकर जिला चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। मैच में शासकीय कन्या महाविद्यालय की ओर से संध्या बेरागी, मीना वर्मा, रजनी गौर ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। संगठन सचिव क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि स्वरूप विरहा ने जानकारी दी की आगामी 28.12.2016 को इसी मैदान पर संभाग स्तरीय महिला कबड्डी का आयोजन किया जायेगा जिसमें भोपाल, होशंगाबाद, बैतूल, राजगढ, रायसेन, विदिशा व सीहोर जिले के महिला खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगे।

## *जिला स्तरीय (महिला / पुरूष) कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न*

### *नीतू नागर, रजनी गौर बनी चैम्पियन*

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की आयोजन व्यवस्था में महाविद्यालय के इंडोर हॉल में जिला स्तरीय महिला/पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर से महिला/पुरूष पहलवानों ने भाग लिया। 48 कि0ग्राम वर्ग में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की पहलवान नीतू नागर ने पदमिनी परमार को 4–0 से हराकर चैम्पियन बनी, वहीं 53 कि0ग्राम वर्ग में शासकीय कन्या महाविद्यालय की पहलवान रजनी गौर ने प्रीती नागर पी0जी0 कॉलेज सीहोर की पहलवान को वाईफॉल कुश्ती मारकर चैम्पियन बनी। दोनों ही कुश्तियों में दर्शकों ने खूब आनंद लिया। पुरूष वर्ग में राहुल और विशाल की कुश्ती काफी संघर्षपूर्ण रही। दोनों की पहलवानों ने बढ़िया–बढ़िया दाव पेंच दिखाकर अपनी कला का जोहर दिखाया।

संगठन सचिव श्री रवि स्वरूप विरहा ने जानकारी दी की आगामी 30.12.2016 को इसी हॉल में संभाग स्तरीय महिला/पुरूष कुश्ती का आयोजन किया जायेगा जिसमें भोपाल, होशंगाबाद, बैतूल, राजगढ, रायसेन, विदिशा व सीहोर जिले के पहलवान अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उपरोक्त प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्री चंद्रशेखर शर्मा, सुरेन्द्र कुशवाह ने अहम भूमिका निभायी अन्य परिणामों में 58 कि0ग्राम वर्ग में प्रीती गौर शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रथम, 63 कि0ग्राम वर्ग में मेघा सोनी शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रथम रहीं।

| | | |
|---|---|---|
| पुरूष वर्ग में (फ्री स्टाइल) | – | राहुल सोनकर 57 कि.ग्रा. प्रथम |
| | – | विशाल यादव 63 कि.ग्रा. प्रथम |
| | – | शैलेन्द्र ठाकुर 69 कि.ग्रा. प्रथम |
| पुरूष वर्ग में (ग्रीकोरोमन) | – | विवेक राठौर 59 कि.ग्रा. प्रथम |
| | – | नीलेश यादव 65 कि.ग्रा. प्रथम |

## स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के अंतर्गत छात्राओं ने लिया लाभ

सत्र 2015–16 में केलेण्डर अनुसार प्रतिमाह पृथक– पृथक संकाओं के लिये व्याख्यानों का आयोजन किया गया जिनमें कॅरियर नियोजन का महत्व एवं कौशल विकास की जानकारी, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, बैंक एवं रेल्वे परीक्षाओं की तैयारी, एल.आई.सी. में रोजगार के अवसर, चिकित्सा होम्योपैथिक क्षेत्र में रोजगार की सम्भावनाऐं, सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी सीमैट परीक्षा की तैयारी, बालिकाओं हेतु विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर जैसें शीर्षकों पर व्याख्यान दिये गये जिसे महाविद्यालय के प्राध्यापको, सहा. प्राध्यापको, डॉ.आदित्य लुणावत, डॉ. डी.सी. राठी, श्री रमाकान्त रिछारिया, श्री सीमांन्त सक्सेना(विकास अधिकारी एल.आई.सी.) डॉ. नीलम शर्मा(पी.एच.सी.) सुरेश कुमार मंमतानी,सुश्री करण प्रीत, सुरेश पान्चाल परामर्शदाता एवं संदीप मीना समाजिक कार्यकर्ता, महिला सशक्तिकरण कार्यालय कलेक्ट्रेट सीहोर आदि ने संबोधित किया।

**रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण**– माह सितम्वर में योजना क्रमांक 6915 के तहत 21 दिवसीय दो रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किए गए जिनमें टैली के
1 **टैली**– प्रशिक्षण मे छात्राओ ने उत्साहपुर्वक भाग लिया। तथा मे
2 **मैकम**–में छात्राओ ने मिरर स्टैण्ड झूला,बैग, पर्स,मोबाइल,वार्लहैगिंग,नैपकिन स्टेण्ड आदि बनाए।जिसे छात्राओ ने अत्यन्त उपयोगी बताया।

**प्लेसमेंट**–माह अगस्त मे महाविद्यालय में आई.सी.आई.सी.आई बैंक का कैम्पस आया जियमें 15 पूर्व छात्राऐं चयनित हुई जिन्हे 2.33 लाख का पैकेज ऑफर किया।

**शैक्षणिक भ्रमण**– माह फरवरी में 20.02.2016 को महाविद्यालय की 40 छात्राओं का एक दल महाविद्यालय से म.प्र. का महत्वपुर्ण औधौगिक क्षैत्र मंडीदीप में शैक्षिणक/औधौगिक भ्रमण पर गया। वहा उन्होने प्रभारी श्रीमति कलिका डोलस के नेतृत्व में अन्नत स्पिमिंग मिल्स वर्धमान यार्न को विजिट किया जहॉ कपडा बनाने की सारी प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया जिसे छात्राओं ने अभूतपर्व एवं अत्यंत उपयोगी बनाया।



